# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 1372 / कार्य-2 / 69 दिनांक 08/9/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

**विषयः-अमर उजाला अमेठी न्यूज में प्रकाशित "सात दिन से नल सूखे, पानी के लिये भटक रहे 20 हजार लोग" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अमर उजाला अमेठी न्यूज में प्रकाशित "सात दिन से नल सूखे, पानी के लिये भटक रहे 20 हजार लोग" एवं मिर्जापुर, मत्तेपुर, करनगांव एवं यूसुफनगर आदि ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट तथा सोलर पैनल की केबल चोरी होने के संबंध में संलग्न समाचार पत्र की कटिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि मिर्जापुर एवं मत्तेपुर ग्राम पंचायत की पेयजल योजना पर वर्तमान में जलापूर्ति सुचारू रूप से चालू है और ग्रामीणों को नियमित पानी मिल रहा है। जहाँ तक करनगांव व यूसुफनगर ग्राम पंचायत का प्रश्न है, वहाँ सोलर पैनल की केबल चोरी होने के कारण जलापूर्ति अवश्य बाधित हुई थी, किंतु विभाग की त्वरित कार्रवाई से पुलिस द्वारा चोरी गई केबल को बरामद कर लिया गया है। संबंधित फर्म/एजेंसी द्वारा लिखित में यह आश्वासन दिया गया है कि आगामी 15 दिवस के भीतर केबल को पुनः स्थापित कर जलापूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी जाएगी। इस संबंध में कार्यदायी संस्था मेसर्स गायत्री-रैम्की प्रा0लि0 को भी आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। विभाग द्वारा इस पूरे मामले की सतत निगरानी की जा रही है और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराकर ग्रामीणों के लिए नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करा दी जाएगी।

**संलग्नकः**-उपरोक्तानुसार।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृं0सं0 / / दिनांक

**प्रतिलिपिः**-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।


1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प-बाराबंकी) को सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

OnePlus
2026.09.08 15:05

**…ews: सात दिन से नल सूखे, पानी के लिए भटक रहे 20 हजार लोग**

**…वाद न्यूज एजेंसी, अमेठी** Updated Mon, 07 Sep 2026 01:32 AM IST



इन्हौना के करनगाव स्थित पानी की टंकी। स्रोत स्थानीय

तिलोई। इन्हौना क्षेत्र के करन गांव और मिर्जापुर स्थित पानी की टंकियों से पिछले एक सप्ताह से जलापूर्ति बंद है। घरों के नल सूखे पड़े हैं और करीब 20 हजार लोग पीने के पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को दूरदराज से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इससे उनके अन्य कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

30 अगस्त की रात गांव स्थित दोनों टंकियों का बिजली केबल चोरी हो जाने से मोटरें चलनी बंद हो गईं, जिससे 3900 कनेक्शनधारकों के घरों तक पानी पहुंचना बंद हो गया है।

विज्ञापन

एक कनेक्शन से औसतन पांच से छह लोग जुड़े हैं। इस आधार पर दोनों टंकियों की आपूर्ति ठप होने से लगभग 20 हजार से अधिक लोगों की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई है।

विज्ञापन

टंकियों से जुड़ी सैकड़ों सार्वजनिक टोटियां भी बंद पड़ी हैं। इससे उन परिवारों की परेशानी और बढ़ गई है, जिनके पास पानी का कोई वैकल्पिक साधन नहीं है। ग्रामीण पानी के इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।